आज का सुविचार
पवित्रता, धैर्य तथा प्रयत्न के द्वारा सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं।

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है..
संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक- 58 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 14 मार्च 2025 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## प्रेस की स्वतंत्रता को मजबूत करने वाले महत्वपूर्ण जजमेंट पढ़िए - Legal advice....

प्रेस या समाचार पत्रों का प्रकाशन ब्रिटिश काल से ही चला आ रहा है लेकिन भारतीय संविधान के प्रारंभ में प्रेस को मौलिक अधिकार नहीं था इसका विकास वर्तमान की स्थिति को देखते हुए एवं जनता की आवाज राज्य तक रखने, भ्रष्टाचार की पोल खोलने एवं सरकार द्वारा बनाई गई गलत विधि को जनता के सामने लाने के लिए न्यायपालिका द्वारा प्रेस को मूल अधिकार दिया गया है एवं न्यायपालिका ने ही पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ लिखा है। पढ़ते हैं कुछ महत्वपूर्ण जजमेंट जो भारत में प्रेस को भ्रष्टाचार के खिलाफ पावरफुल बनाते हैं-



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

1. **इंडियन एक्सप्रेस न्यूज पेपर्स प्राइवेट लिमिटेड एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य-** यह प्रेस की स्वतंत्रता के लिए एक महत्वपूर्ण मामला है। इस मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह कहा है कि प्रेस की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप करने वाली समस्त विधि या एवं प्रशासनिक कार्रवाई अवैध घोषित किये जाने योग्य है क्योंकि प्रेस की स्वतंत्रता को वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का ही एक अंग माना गया है।
2. **ब्रजभूषण बनाम स्टेट ऑफ दिल्ली-** इस मामले में ईस्ट पंजाब सेफ्टी एक्ट, 1950 की धारा 7(1)(ग) के अंतर्गत एक आदेश जारी कर एक समाचार पत्र की यह निर्देश दिया गया कि वह साम्प्रदायिक मामले एवं पाकिस्तान से सम्बंधित समाचारों, चित्रों, व्यंग्य-चित्र आदि का प्रकाशन राज्य सरकार की अनुमति से पूर्व नहीं करे। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यह अभिनिर्धारित किया कि इसे संविधान के अनुच्छेद 19(1)(क) के अंतर्गत वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अतिक्रमण एवं असंवैधानिक मानते है क्योंकि प्रेस की स्वतंत्रता वाक् अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हैं जिस पर किसी भी प्रकार का प्रतिबंध नहीं लगा जा सकता है।
3. **के. यू. मंडल बनाम बैनेट कोलमेन एन्ड कम्पनी लिमिटेड-** उक्त मामले में प्रेस द्वारा एक सीमेंट घोटाले को उजागर किया गया था, प्रकाशन पूर्ण सावधानी के साथ किया गया था। प्रेसकर्मी मौके पर गए थे वहां फ़ोटो भी लिए एवं स्टाक को भी देखा। इस प्रकाशन को प्रेस स्वतंत्रता के अधीन मानते हुए मानहानि नहीं ठहराया गया।
4. **वीरेन्द्र बनाम स्टेट ऑफ पंजाब-** उक्त मामले में प्रेस की स्वतंत्रता का समर्थन करते हुए मुख्य न्यायाधीश दास ने कहा कि किसी भी समाचार पत्र को सामयिक महत्व के विषय पर अपने विचार प्रकाशित करने से रोकना वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर एक गंभीर अतिक्रमण हैं।
5. **रमेश थापर बनाम स्टेट ऑफ़ मद्रास-** इस मामले में उच्चतम न्यायालय ने कहा कि एक राज्य में प्रकाशित समाचार पत्र को दूसरे राज्य में जाने से नहीं रोका जा सकता है क्योंकि प्रेस की स्वतंत्रता में उसका प्रचार प्रसार आदि भी सम्मलित हैं। यदि प्रचार प्रसार पर किसी भी प्रकार से अंकुश लगा दिया जाता है तो उसके समाचार पत्र का और इस स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं रह जाता है।
6. **सहारा इंडिया रियल एस्टेट कारपोरेशन लिमिटेड बनाम सिक्युरिटीज एण्ड एक्सचेंज बोर्ड़ ऑफ इंडिया-** उक्त मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा यह अभिनिर्धारित किया गया है कि वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अंतर्गत जानने का भी अधिकार एवं न्यायिक कार्यवाही को प्रकाशित करने का अधिकार भी सम्मिलित है। लेकिन अनुच्छेद 19(2) के अनुसार रोक होगी (नोट अनुच्छेद 19(2) को हमने अपने लेख में पूर्व में बता दिया हैं)।
7. **बैनेट कोलमेन एण्ड कम्पनी बनाम भारत संघ-** उक्त मामले में उच्चतम न्यायालय ने कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता अनुच्छेद 19(1)(क) में प्रदत्त वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का एक अभिन्न अंग हैं। प्रेस की बिना किसी कारण के पूर्व नियंत्रण नहीं लगाया जा सकता है उसे परिचालन का अधिकार प्राप्त है। अतः कह सकते हैं कि समाचार पत्रों के परिचालन पर प्रतिबंध लगाने वाली विधि असंवैधानिक होगी।कोई भी सरकार अखबारी कागज़ नीति वाक् ओर अभिव्यक्ति के मूल अधिकार को कम नहीं कर सकती है।
8. **प्रभुदत्त बनाम भारत संघ-** उक्त मामले में न्यायालय द्वारा यह अभिनिर्धारित किया गया कि प्रेस की स्वतंत्रता में सूचनाओ तथा समाचारों को जानने का अधिकार(Right to know) भी अधिकारी प्राप्त है। प्रेस को व्यक्तियों से साक्षात्कार के माध्यम से सूचनाएं जानने की स्वतंत्रता हैं। उपर्युक्त महत्वपूर्ण जजमेंट से हम कह सकते हैं कि कार्यपालिका, विधयिका एवं न्यायपालिका के अलावा प्रेस को लोकतंत्र का रक्षा करता है एवं देश का नागरिक भी प्रेस से आशा करता है कि वह लोगों की निष्पक्ष एवं सत्य पर आधारित खबरों को दिखाए। संक्षिप्त रूप में हम वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अंतर्गत क्या क्या आते हैं जानते हैं किसी व्यक्ति के विचारों को दूसरे के समक्ष रखना वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हैं ये निम्न प्रकार से हो सकती है- विचार अभिव्यक्त करने के समस्त माध्यम, भाषण, समाचार पत्र, पत्रिकाएं, पुस्तिकाएं, पोस्टर, शब्द, अंक, चिन्ह, संकेत, शांति प्रदर्शन,शान्ति धरना आदि सम्मलित हैं।

# भगोरिया की मस्ती में झूमते-नाचते टोलियों को देखकर पाँव अपने आप लगते हैं थिरकने : मुख्यमंत्री

### झाबुआ जिले में जल प्रदाय के लिए अनास नदी को नर्मदा नदी से जोड़ने की योजना का होगा परीक्षण

### ओंकारेश्वर, उज्जैन और झाबुआ में धर्मशाला निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध करायेंगे

### भगोरिया में हुआ भव्य स्वागत, भगोरिया की मस्ती में झूमे मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि झाबुआ जिले की सांस्कृतिक विविधता एवं महत्व को परिलक्षित करते भगोरिया हाट में सम्मिलित होकर बहुत आनंद आया है। फागुन का रंग चढ़ रहा है। भगोरिया में मदमस्त टोलियों ने एक नए उत्साह का संचार किया है, मन प्रफुल्लित हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम स्थल पर ढोल-मांदल लिये नृत्य करते हुए दलों के साथ भगोरिया की मस्ती में झूम उठे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भील महासम्मेलन का भारत माता, क्रांतिसूर्य टंट्या भील, राणा पुंजा एवं शबरी माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन के साथ शुभारंभ किया मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगोरिया में मस्ती में झूमते-नाचते टोलियों को देखकर पाँव अपने आप थिरकने लगते हैं। उन्होंने कहा कि झाबुआ में हजारों वर्षों से फागुन के माह में ढोल-मांदल की थाप पर भगोरिया उत्सव मनाया जाता रहा है, जो कि इसकी पहचान बन गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आप अपने पूर्वजों का अभिनंदन करें और संस्कृति और विरासत को बनाये रखें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय समाज के विकास के लिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार तत्परता से कार्य कर रही है।



#### दिलीप गेट पर स्थित पूर्व सांसद स्व. भूरिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने झाबुआ में दिलीप गेट पर पूर्व सांसद स्व. दिलीप सिंह भूरिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने जनजातीय अंचल के विकास में उनके योगदान को याद किया।

#### दिलीप क्लब पर भव्य स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का दिलीप क्लब में भगोरिया पर्व पर महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने जनजातीय अंचल की झुलड़ी एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। साथ ही जनजातीय अस्मिता के प्रतीक तीर-कमान भेंट कर अभिनन्दन किया।

#### भगोरिया गैर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव भगोरिया गैर में शामिल हुए। इसमें 250 से अधिक ढोल-माँदल की टोलियॉं शामिल हुईं। ये सभी सांस्कृतिक नृत्य करते हुए कार्यक्रम स्थल की ओर रवाना हुए। भगोरिया गैर का आनन्द देखते ही बनता था। जनजातीय समाज के लोग हर ओर मस्ती में झूमते, नृत्य करते हुए मुख्यमंत्री का स्वागत एवं अभिनन्दन कर रहे थे। महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव का झाबुआ जिले में स्वागत है। उन्होंने बताया कि अंचल में उनके पिताजी एवं पूर्व सांसद स्व. भूरिया के प्रयासों से पेसा एक्ट को अधिनियमित किया गया, जिससे जनजातीय क्षेत्र में ग्राम सभाएँ सशक्त हुई हैं। आज अंचल में विभिन्न कार्यों से विकास की गंगा बह रही है। पूर्व सांसद श्री गुमान सिंह डामोर ने कहा कि भील सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति से अंचल की सांस्कृतिक विरासत भगोरिया का आनंद और अधिक बढ़ गया है।

## राज्यपाल श्री पटेल ने अंगदान जनजागृति कार रैली को राजभवन से हरी झंडी दिखा किया रवाना



भोपाल। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने ऑर्गन डोनेशन कार रैली को हरी झंडी दिखाकर राजभवन से रवाना किया। रैली का आयोजन जी.एम.सी एल्यूमनी एसोसिएशन और किरण फाऊंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। राज्यपाल श्री पटेल ने राजभवन में अंगदाताओं के परिजनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद श्री आलोक शर्मा मौजूद थे। राज्यपाल श्री पटेल ने राजभवन के गेट नंबर एक से वाहन रैली को रवाना किया। उन्होंने देहदानी डॉ. एस.आर. मोघे, देहदानी, नेत्रदानी मीरा गोहिया, नेत्रदानी गणेश कुमार पटेल, नेत्रदानी, देहदानी राम कृपाल सिंह, नेत्रदानी आशा देवी लोकवानी, नेत्रदानी चंद्र भूषण सिंह और नेत्रदानी, देहदानी राधेश्याम पटेल के परिजनों को सम्मानित किया।

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने किया सीवर लाइन का भूमि पूजन

## आनंद नगर में 5 करोड़ 23 लाख रुपए की लागत से डाली जाएगी सीवर लाइन

**भोपाल।** ग्वालियर में बहोड़ापुर से आनंद नगर होते हुए सागरताल चौराहे तक सीवर की मैन ट्रैक लाइन 5 करोड़ 23 लाख रुपए में बनाई जाएगी। इस महत्वपूर्ण परियोजना से क्षेत्र के नागरिकों को स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं में बड़ा लाभ मिलेगा।



ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह बात आनंद नगर में सीवर लाइन मैन ट्रैक लाइन के भूमि पूजन के अवसर पर कही। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि आनंद नगर को काफी समय पहले जीडीए ने बसाया था, तब सीवर लाइन डाली गई थी। आज क्षेत्र में सीवर की समस्या काफी बढ़ गई है, इसके निराकरण के लिए पूरे आनंद नगर में नई सीवर लाइन डाली जा ही है। उन्होंने कहा कि उपनगर ग्वालियर में छोटी-छोटी समस्याओं का निराकरण भी प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा हैं।

# लिव इन रिलेशनशिप में रह रही महिला क्रूरता के अपराध का केस दर्ज करवा सकती है जानिए/legal advice...

किसी भी महिला के साथ उसका पति या पति का नातेदार किसी भी प्रकार की क्रूरता करते है तो महिला उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 86 के अंतर्गत मामला दर्ज करवा सकती है। अगर कोई बालिग महिला आपनी ईच्छा से किसी पुरुष के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही हैं और उसका साथी उसे बार बार प्रताड़ित करना है या उसका साथी उससे पैसे की मांग करता है या कहें किसी भी प्रकार की क्रूरता कर रहा है तब क्या वह स्त्री उस पुरुष के खिलाफ भी क्रूरता के अपराध का मामला दर्ज करवा सकती हैं जानिए महत्वपूर्ण जानकारी।

**वमगराला येदुकोडाला बनाम आंध्र प्रदेश राज्य वाद-** इस मामले मे यह अभिनिर्धारित किया गया कि यदि कोई व्यक्ति धारा 498A (अब BNS की धारा 86 ) के अंतर्गत क्रूरता आपनी रखैल (लिव इन रिलेशनशिप रह रही महिला) के साथ करता है , या उस महिला को इतना मजबूर कर दे की वह आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो जाए तब वह पुरुष भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 498A के अपराध से दण्डित किया जा सकता है।

Bharatiya Nyaya Sanhita Section 86
Provision of punishment

यह अपराध संज्ञेय एवं अजमानतीय होते हैं अर्थात पुलिस थाने में इस अपराध की एफआईआर दर्ज होती है या एफआईआर दर्ज न होने की स्थिति मे पीड़ित महिला प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष परिवाद (शिकायत) भी दर्ज करवा सकती हैं । इन अपराध की सुनवाई प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट द्वारा की जाती है।

**सजा -**

इस अपराध के लिए अधिकतम तीन वर्ष की कारावास और जुर्माने से दण्डित किया जा सकता है।

**लेखक बीआर अहिरवार (पत्रकार एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)**

# आश्रमशाला सेड़वा विकास खंड दरभा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।



आश्रम शाला सेड़वा विकास खंड दरभा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया जिसमें आश्रम शाला की शिक्षिकाओं द्वारा ग्राम सेड़वा की तीन महिलाओं श्रीमती दयामती कश्यप, मीना गुप्ता,रिंकी कश्यप को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया । क्योंकि ये तीनों ग्राम विकास और विद्यालय के लिए सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं । इस कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक शाला सेड़वा के समस्त शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित थीं साथ ही आश्रम के समस्त कर्मचारी एवं ग्राम सेड़वा के पालकगण उपस्थित थे। इस विशेष अवसर पर आश्रम शाला सेड़वा की शिक्षिका श्रीमती सरोजनी सिंह द्वारा न्योता भोजन करवाया गया। आश्रम अधीक्षिका श्रीमती भूमिका वेदव्यास एवं प्रधान अध्यापक श्रीमती आती सिंह द्वारा न्योता भोजन में सहयोग किया गया साथ ही आश्रमशाला के बच्चों द्वारा प्रेरणा गीत के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# महाराष्ट्र के गांजा तस्कर सावन को बालाघाट पुलिस ने देर रात किया गिरफ्तार

बालाघाट पुलिस अधीक्षक नगेंद्र सिंह द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवम् थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थों का व्यापार करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाहिया करने हेतू निर्देशित किया गया है। जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डाबर एवम् नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री वैशाली सिंह कराहलिया के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले की टीम द्वारा गांजा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है। बालाघाट पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस की गठित टीमों द्वारा शुक्रवार -शनिवार की दरमियानी रात को विभिन्न मार्गो में नाकाबंदी की गई थी। देर रात्रि के वक्त पॉवर हाऊस रोड़ निर्माणाधीन मकान के पास सूनसान स्थान में पुलिस टीम द्वारा एक संदिग्ध नीले रंग की टीव्हीएस जूपिटर वाहन को रोका गया। जिसमें सवार सावन मेश्राम पिता नैपाल मेश्राम उम्र 29 वर्ष निवासी चिखलामाइंस जिला भंडारा महाराष्ट्र द्वारा गाड़ी की डिक्की में करीब 10.10 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा गया था जिसे बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध एनडीपी एस एक्ट के प्रावधानों के तहत् 2 लाख रूपए कीमत का गांजा,1 मोबाईल फोन एवम 1टीव्हीएस कंपनी का जुपिटर वाहन जप्त कर मौके पर विधिवत् गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्र.77/2025 धारा 8/20 बी एन डी पी एस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इनकी रही सराहनीय भूमिका कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक प्रकाश वास्कले, उनि. दीपक त्रिपाठी, उनि. प्रदीपसिंह बघेल, उनि. दीपसिंह परमार, प्रआर. राहुल गौतम, आर. अंकुर गौतम, आर. शेख शहजाद, आर. सुरेन्द्र अड़में के अलावा समस्त कोतवाली टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# वाहन की टक्कर से युवक घायल

ज्ञान चन्द शर्मा /बालाघाट। मलाजखंड थाना पुलिस ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर टक्कर मारने के मामले मे केस दर्ज किया है पुलिस ने बताया है कि पीड़ित रवि कुमार पिता हरिलाल रहागडाले 25वर्ष वार्ड नंबर न 5 झिरिया निवासी ने थाने मे शिकायत दर्ज कराई है कि डायल 100 के चालक ने बिरसा मेन रोड पर तेज गति से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर टक्कर मार दी है पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर वाहन चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच मे लिया है।

# अवैध शराब तस्करी मामले मे कार्रवाई

ज्ञान चन्द शर्मा /बालाघाट। जिले की हटा पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 72 लीटर देशी शराब बीयर और परिवहन मे प्रयुक्त मोपेड कुल मूल्य 91,000 रुपए जब्त की है जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि पाथरी से हटा कि और अवैध शराब तस्करी की जा रही है इस पर हटा पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपितो को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से शराब व मोपेड जब्त कर ली गिरफ्तार आरोपितो शानू राऊत 26 वर्ष समेत शुभम भारद्वाज 19 वर्ष दोनो खैरी थाना कोतवाली निवासी है गिरफ्तार आरोपितो के विरुद्ध अपराध धारा34(2)आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

# मुख्यमंत्री ने प्रदेश के नौवें माधव टाइगर रिजर्व का शुभारंभ कर बाघिन को प्राकृतिक आवास में छोड़ा

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को शिवपुरी में नवनिर्मित माधव टाइगर रिजर्व का शुभारंभ किया। यह मध्यप्रदेश का 9वां और देश का 58वां नेशनल टाइगर रिजर्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुनर्स्थापन प्रक्रिया से यहां लाई गई एक बाघिन को टाइगर रिजर्व क्षेत्र के मुक्त आवास में छोड़ा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का दिन चंबल क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक है। माधव टाइगर रिजर्व में बाघों का पुनर्स्थापन हो रहा है। वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति प्रयासों से राज्य को 9वें नेशनल टाइगर रिजर्व की अभूतपूर्व सौगात मिली है। मुख्यमंत्री ने टाइगर रिजर्व के प्रतीक चिन्ह (लोगो) के विमोचन के साथ बाउन्ड्री वॉल का लोकार्पण भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में वन संपदा है और वन्य जीव बड़ी संख्या में हैं। चंबल क्षेत्र के कूनो में चीता, चंबल नदी में घड़ियाल और अब माधव नेशनल पार्क में बाघ पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेंगे। चंबल में वन्य जीव और मनुष्य मिलकर सह-अस्तित्व के भाव से अपनी-अपनी जिंदगी जी रहे हैं। यह अद्भुत नजारा केवल चंबल में देखने को मिलता है। यहां पर्यटन बढ़ेगा, रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी और ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के लिए विकास के नए द्वार खुलेंगे।अब चंबल में भी सुनाई देगी बाघ की दहाड़ भारत और विश्व में सबसे ज्यादा टाइगर मध्यप्रदेश की भूमि पर पाए जाते हैं। मध्यप्रदेश को टाइगर स्टेट का दर्जा प्राप्त है। बाघों के विचरण के लिए सिर्फ चंबल क्षेत्र ही शेष था। यह कमी भी पूरी हो गई। यह क्षेत्र अब बाघों के पुनर्वास से अपनी नई पहचान बनाएगा। यहां पहले से भालू, तेंदुआ, हिरण, चिंकारा, भेड़िया, सियार, साही, अजगर और गिद्ध जैसे वन्य प्राणियों का बसेरा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए टाइगर रिजर्व के विकास कार्यों में दूसरे जीवों के सह-अस्तित्व का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा।

यह कोई चिड़ियाघर नहीं, बल्कि मुक्त क्षेत्र है, जो वन्य जीवों के साथ-साथ आम लोगों के लिए भी खुला रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माधव टाइगर रिजर्व के लोगो का विमोचन किया और माधव नेशनल पार्क की बाउंड्रीवॉल का लोकार्पण किया।केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर-चंबल क्षेत्र को ऐतिहासिक सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त कर कहा कि माधव टाइगर रिजर्व, पन्ना टाइगर रिजर्व के बाद मध्यप्रदेश का तीसरा पुनर्जीवित किया गया नेशनल पार्क है। इससे चंबल क्षेत्र में वन्य जीव पर्यटन की संभावनाएं प्रबल हुई हैं। उन्होंने 10 मार्च 2023 को माधव नेशनल पार्क में पहले 3 बाघ छोड़े थे। आज एक बाघिन को छोड़ा गया है। अब कूनो और माधव टाइगर रिजर्व का संयुक्त क्षेत्र 3000 वर्ग किलोमीटर से अधिक हो जाएगा।

# पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम पर आधारित एक महत्वपूर्ण कॉन्फ्रेंस का आयोजन

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**




कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, भोपाल में पीसीओएस (पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम) पर आधारित एक महत्वपूर्ण कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस कॉन्फ्रेंस की आयोजक डॉ. रचना दुबे संचालक, हेल्थ एवं राज्य नोडल अधिकारी (प्रिवेंटिव गायनेकोलॉजी एंड इंफर्टिलिटी) ने जानकारी दी कि यह मध्यप्रदेश की पहली ऐसी कॉन्फ्रेंस है, जिसमें विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा पीसीओएस की रोकथाम और बचाव पर गहन विचार-विमर्श किया गया। कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर पीसीओएस सोसाइटी ऑफ इंडिया की अध्यक्ष डॉ. दुरु शाह, कानपुर से पधारी वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मीरा अग्निहोत्री सहित कई प्रतिष्ठित चिकित्सक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने प्रदेश में पीसीओएस की रोकथाम के लिए किए जा रहे सरकारी प्रयासों को साझा किया। इसके साथ ही, प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा पीसीओएस से बचाव और उपचार से संबंधित विभिन्न विषयों पर सत्र आयोजित किए गए।

# शिवसेना (उद्धव बाळासाहेब ठाकरे) का नगर निगम प्रशासन और कलेक्टर से अपील, चांदनी चौक में ट्रेफिक सिग्नल को लेकर उठाया मुद्दा

**जगदलपुर।** शिवसेना (उद्धव बाळासाहेब ठाकरे) के ज़िला अध्यक्ष श्री अरुण पाण्डेय ने चांदनी चौक क्षेत्र में ट्रेफिक सिग्नल के संबंध में नगर निगम प्रशासन और कलेक्टर से अपील की है। उन्होंने कहा कि ट्रेफिक सिग्नल पर भारी धूप में लोगों को 100-100 सेकंड तक रोकना नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। श्री पाण्डेय ने इस मुद्दे पर कलेक्टर एवं ज़िला पुलिस अधीक्षक से स्पष्ट रूप से कहा कि पहले भी इस मामले से अवगत कराया गया था, लेकिन प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए। चांदनी चौक के पास स्थित शराब दुकान के कारण ट्रेफिक जाम होता है, जिससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर शराबियों की वजह से ट्रेफिक बिगड़ जाता है और यह स्थिति निरंतर बनी रहती है।

**शिवसेना ने निम्नलिखित मांगें रखी हैं-**


* ट्रेफिक सिग्नल का समय केवल 30 सेकंड तक किया जाए।

* सिग्नल पर खड़ी जनता के लिए छांव की व्यवस्था के लिए तत्काल सेड का निर्माण किया जाए।

* शराब दुकान और शराबियों के कारण उत्पन्न ट्रेफिक जाम की समस्या का समाधान किया जाए और उचित कदम उठाए जाएं।

**शिवसेना (उद्धव बाळासाहेब ठाकरे) ने चांदनी चौक के ट्रेफिक व्यवस्था में सुधार की मांग की**





शिवसेना (उद्धव बाळासाहेब ठाकरे) ने नगर निगम प्रशासन से अपील की है कि वे जनता के स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए इस समस्या का जल्द समाधान करें। इसका विरोध शिवसेना (उद्धव बाळासाहेब ठाकरे) के ज़िलाअध्यक्ष अरुण पाण्डेय ने किया है. उन्होंने नगर निगम प्रशासन और कलेक्टर एवं ज़िला पुलिस अधीक्षक से साफ़ कहा है की पूर्व में भी इस बात के लिए अवगत कराया गया लेकिन प्रशासन लगातार जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रही है. अतः ट्रेफिक लाल सिग्नल समय अधिकतम 30 सेकंड किया जाए और सिग्नल में रुकने वाले जनता के लिए सेड का निर्माण तत्काल किया जाए. जिस शराब दुकान और शराबीयों के कारण ट्रेफिक जाम होता है उसे सुधारा जाए. चांदनी चौक में शराब दुकान होने के कारण चखना सेंटर वाले अपना पसरा लगाए रखते हैं. पुलिस विभाग के पास कर्मचारियों की कमी है तो प्रशासन हमें बताये कितने कर्मचारी रखा जाए इसकाम के लिये तो शिवसैनिकों को ही हम द्वारा नियुक्त कर, लेकिन उन्हें ट्रेफिक जवान के बराबर मानदेय पुलिस अधीक्षक देंगे क्या यह बात हमें बताये। शिवसेना (उद्धव बाळासाहेब ठाकरे) के ज़िला उपाध्यक्ष श्री चंचलमल जैन ने चांदनी चौक क्षेत्र में ट्रेफिक व्यवस्था की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि ट्रेफिक सिग्नल के आसपास स्थित बांस के दुकान वाले सड़क तक अपना समान फैला कर रखते हैं, जिससे ट्रेफिक में अड़चनें उत्पन्न होती हैं। साथ ही, चांदनी चौक में शराब दुकान के पास चखना सेंटर वाले अपना पसरा लगाकर भीड़ बढ़ाते हैं, जिससे ट्रेफिक जाम की स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। श्री जैन ने यह भी बताया कि बाएँ से जाने वाले मार्ग पर अस्थाई डिवाइडर नहीं बनाए गए हैं, जिससे ट्रेफिक पुलिस द्वारा उचित दिशा-निर्देशों का पालन करना मुश्किल होता है और बेवजह भीड़ लगती है। उन्होंने प्रशासन से यह सवाल किया कि क्या यह उनकी जिम्मेदारी नहीं है कि इस स्थिति को जल्द से जल्द सुधारा जाए? इसके अलावा, श्री जैन ने प्रशासन से आग्रह किया कि यदि प्रशासन के पास इस कार्य को संभालने के लिए पर्याप्त कर्मचारी नहीं हैं, तो शिवसेना के सदस्य इस काम में मदद देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने यह सुझाव दिया कि यदि प्रशासन चाहे तो शिवसैनिकों को मानदेय देकर यह काम सौंपा जा सकता है। शिवसैनिक ट्रेफिक व्यवस्था को संभालने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और जनता की सुविधा के लिए यह कार्य कर सकते हैं। शिवसेना (उद्धव बाळासाहेब ठाकरे) ने प्रशासन से अपील की है कि इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द समाधान प्रदान करें, ताकि चांदनी चौक क्षेत्र में ट्रेफिक व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके और आम जनता को कोई परेशानी न हो।

**संपर्क-**
**शिवसेना कार्यालय, जगदलपुर**
**फोन- 0724 740 1000**

# रिजर्व बैंक द्वारा डिजीटल धोखाधड़ी से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

भारतीय रिजर्व बैंक और उनके द्वारा नियमित संस्थाओं में उपभोक्ताओं की शिकायत तथा उनके निराकरण के संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक के भोपाल कार्यालय द्वारा सीहोर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह जागरूकता कार्यक्रम भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल ओम्बड्समैन योजना के तहत आयोजित किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में डिजिटल धोखाधड़ी के तरीकों और इससे बचाव के सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि नागरिक अपनी शिकायतों के त्वरित और नि:शुल्क निराकरण के लिए आरबीआई द्वारा प्रदान की गई शिकायत निवारण प्रणाली का लाभ किस प्रकार उठा सकते हैं। इस दौरान सीनियर सिटीजन एवं पेंशन भोगियों को हायर डिपॉजिट एवं विद्यार्थियों को नो मिनिमम बैलेंस खातों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को डिजिटली जागरूक रहने, मोबाइल सिक्योरिटी पर ध्यान देने, ऑनलाइन बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड से ऑनलाइन लेनदेन करते समय सावधानियों के बारे में बताया गया ताकि वह किसी भी प्रकार के साइबर धोखाधड़ी से अपना बचाव कर सकें। इसके साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक के तत्काल सकल निपटान (आरटीजीएस) और राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक निधि अंतरण (एनईएफटी) प्रणालियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आरबीआई ओम्बड्समैन एवं मुख्य महाप्रबंधक एफ़जीएम महाप्रबंधक एलडीएम बैंक ऑफ इंडिया के बैंकर्स, सीनियर सिटिज़न, पेंशनभोगी, स्वयं सहायता समूह की दीदियां, सेल्फ एम्प्लोयीड, व्यापारीगण, विद्यार्थी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# थाना कोतमा पुलिस द्वारा अवैध शराब विक्रय करने वाले पर कार्यवाही

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**



श्रीमान पुनलिस अधीक्षक महोदय ,अतिरिक्त पुलिस महोदय अनूपपुर एंव एसडीओ(पी.) कोतमा के दिशा निर्देश में अवैध शराब विक्रय करने वनाले की विरूध्द कार्यवाही की गई । दिनांक 11/03/25 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि बाबू खान अपने वाहन रखने वाले बाड़ा अवैध शराब विक्रय हेतु रखा है । मुखबिर सूचना पर हमराह स्टाफ एंव साक्षियों के साथ मुखबिर सूचना की तस्दीक की जो घटना सही पाई गई । बाबू उर्फ मुक्तार हुसैन पिता स्व. लुकमान हुसैन उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड नं. 07 बनिया टोला कोतमा की उपस्थिति में बाड़ा की तलाशी ली गई तो तलाशी के दौरान अंग्रेजी शराब के 24 नग अद्धा मात्रा 09 लीटर कीमती 12960 रू. के मिले शराब रखने के कागजात मांगे गये तो बाबू उर्फ मुक्तार हुसैन ने नही होना बताये । आरोपी । बाबू उर्फ मुक्तार हुसैन पिता स्व. लुकमान हुसैन उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड नं. 07 बनिया टोला कोतमा के कब्जे से अंग्रेजी शराब के 24 नग अद्धा मात्रा 09 लीटर कीमती 12960 रू. समक्ष गवाहो के जप्त किये गये आरोपी उपरोक्त के विरूध्द अपराध धारा 34(ए) आबकारी एक्ट की वैधानिक कार्यवाही की गई है ।

**इनकी रही भूमिका -**

थाना प्रभारी निरीक्षक सुन्द्रेश सिंह , सउनि. सुरेश कुमार अहिरवार , आर.477 प्रदीप यादव आर 232 अभय त्रिपाठी ।

## दहन कुरीति का हो



**भीम कुमार**
**गावां, गिरिडीह, झारखंड**

मत जलाओ होलिका को,
वह भी एक भारतीय नारी थी।
हर वर्ष जलाई जाती है ,
बस कसूर इतना,कि
वह महिला आज्ञाकारी थी।
स्वाभिमान की प्यारी थी
अदम्य साहसी व संस्कारी थी।
जलाना ही है तो जलाओ
ईर्ष्या,द्वेष,कटुता,पाखंड,
आडंबर,अशिक्षा
,अंधविश्वास, कुरीति,गरीबी,बेरोजगारी
और महंगाई के पुतले को,
जो समाज के लिए
एक व्यभिचारी है।
लें संकल्प,
अज्ञानता को दूर करने का
आर्थिक विषमता को दूर करने का
शिक्षा का स्तर बढ़ाने का
वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने का
भ्रातृत्व और बंधुता बढ़ाने का
करें सुरक्षा हर नारी का
यही मानवता के लिए हितकारी है।

# भोपाल के कलेक्टर ने बैरसिया का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों और शासकीय योजनाओं का निरीक्षण किया

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल**

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बैरसिया का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान में एसडीएम बैरसिया आशुतोष शर्मा, मंडी सचिव एवं सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य भी उपस्थित रहे। कलेक्टर सिंह ने बैरसिया मैं निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी मध्य प्रदेश पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के साइट इंजीनियर को निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने एवं निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही, एसडीएम बैरसिया को निर्देशित किया कि स्कूल की बाउंड्री वॉल और उसके गेट के सामने का अतिक्रमण हटाया जाए।



कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी बैरसिया का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने ई-मंडी के कार्यों का स्वयं पोर्टल पर परीक्षण किया। उन्होंने आगामी उपार्जन कार्यों के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम और भारसाधक अधिकारी कृषि उपज मंडी बैरसिया को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने तहसील बैरसिया में संपादित होने वाले राजस्व कार्यों का परीक्षण करते हुए एसडीएम बैरसिया को निर्देशित किया कि फार्मर रजिस्ट्री, आरओआर एंट्री, सीएम हेल्पलाइन सहित सभी कार्यों में एक सप्ताह के भीतर उल्लेखनीय प्रगति का लक्ष्य प्राप्त किया जाए। भोपाल कलेक्टर ने एसडीएम बैरसिया को निर्देश दिए कि बैरसिया की मुख्य सड़कों से एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमण हटाया जाए। साथ ही, अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसील कार्यालय बैरसिया के साथ-साथ शहर की प्रमुख सड़कों को नगरीय निकाय के सहयोग से अतिक्रमण मुक्त कर सौंदर्यीकरण किया जाए।

# विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल के शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट और प्रेरणादाई कार्य के लिए मां संतोषी कंप्यूटर आईटी ट्रेंनिंग सेंटर के द्वारा सम्मानित किया गया

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**



अनूपपुर - राजनगर कोयलांचल क्षेत्र में स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल के शिक्षकों के द्वारा विद्यालय के बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए योजनाएं बनाकर सामाजिक, व्यावसायिक, प्रशासनिक, प्राकृतिक एवं स्वास्थ्य क्षेत्र संबंधित कई शाखों एवं विभागों में बच्चों को ले जाकर वहां के कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया इस योजना का उद्देश्य बच्चों में शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ बौद्धिक और सामाजिक ज्ञान को बढ़ाना था शिक्षकों के द्वारा किया गया यह उत्कृष्ट कार्य कहीं ना कहीं राजनगर कोयलांचल क्षेत्र के लिए एक नवीनतम कार्य था जिससे अवगत क्षेत्र के नागरिक काफी प्रेरित और प्रभावित हो रहे हैं उत्कृष्ट कार्य से प्रभावित होकर मां संतोषी कंप्यूटर आईटी ट्रेंनिंग सेंटर परिवार और संचालक संजीव कुमार प्रजापति के द्वारा विवेकानंद स्कूल के सभी शिक्षकों को सम्मानित कर ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई।



# कलेक्टर ने भूतपूर्व सैनिकों, वीरनारी, वीरमाता एवं सैनिक विधवाओं से की चर्चा

शहडोल से रोहित तिवारी की रिपोर्ट






**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में जिले के भूतपूर्व सैनिकों, वीरनारी, वीरमाता एवं सैनिक विधवाओं से भेंट कर शाल, श्रीफल एवं फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। कलेक्टर ने भूतपूर्व सैनिकों से चर्चा के दौरान उनसे समाज के उत्थान में बढ़ चढ़कर भागीदारी लेने का आग्रह किया तथा वह जिस गाँव एवं मोहल्ले में रहते है वहाँ के युवाओं को प्रेरणा देकर देश के लिए उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित करने की बात कही। कलेक्टर ने सभी भूतपूर्व सैनिकों को उनके द्वारा राष्ट्र सेवा के लिए धन्यवाद दिया एवं सेना के दौरान अनुशासन, कर्तव्यपरायणता, ईमानदारी एवं देशभक्ति को युवाओं में जाग्रत करने की अपील की। इस दौरान पुलिस अधिक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव ने भी भूतपूर्व सैनिकों से चर्चा की एवं उनकों डिजिटल सुरक्षा के प्रति अवगत कराया।

शांति समिति की बैठक सम्पन्न


# होली का पर्व शांति और सौहार्दपूर्वक मानने की अपील



शहडोल से रोहित तिवारी की रिपोर्ट

शहडोल। होलिका दहन एवं होली (धुरेडी) का त्यौहार शांति, शालीनता एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने हेतु आज कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव एवं शान्ति समिति के सदस्यों की उपस्थिति में आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव ने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि होलिका दहन एवं होली (धुरेडी) का पर्व शांति और सौहार्दपूर्वक मनाया जाए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि होलिका दहन का कार्यक्रम रात्रि 11.00 बजे तक पूर्ण कर लिया जाये तथा इस बात का विशेष ध्यान दिया जाए कि होलिका ऐसे स्थानों पर रखी जाये, जिसके कारण यातायात बाधित न हो तथा बिजली, टेलीफोन के तार, पेड़ आदि न हो। उन्होनें कहा कि होलिका दहन का कार्यक्रम जिन स्थानों पर किया जाये तथा होलिका रखे जाने वाले स्थानों की सूची पुलिस कन्ट्रोल रूम में उपलब्ध कराया जाये। होलिका में सूखी लकड़ी व परम्परागत ईंधन का ही उपयोग किया जाये किसी भी परिस्थिति में हरे पेड़ों को काटकर होलिका दहन में उपयोग न करें। कलेक्टर ने यह भी कहा है कि होली का रंग दूसरे व्यक्ति की सहमति से ही डाला जाये, जिससे अनावश्यक विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका श्री घनश्याम जायसवाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री नरेन्द्र सिंह, समाजसेवी श्री रविन्दर गिल, श्री संजीव निगम, श्री राजेश गुप्ता, श्री शान उल्ला खॉन, शांति समिति के सदस्यगण सहित थाना प्रभारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## महाराज छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर के विद्यार्थियों ने प्रणामी संप्रदाय के बारे में जानने के लिए पन्ना के प्राणनाथ और जुगल किशोर मंदिर का शैक्षणिक भ्रमण किया।



महाराज छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर से प्रणामी संप्रदाय विषय के विद्यार्थियों ने पन्ना के प्राणनाथ और जुगल किशोर मंदिर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर, छात्र अर्जुन कुमार जी ने बताया कि हमें प्रणामी संप्रदाय के बौद्धिक सत्र द्वारा प्रणामी संप्रदाय के बारे में गहराई से जानने का अवसर प्राप्त हुआ। प्रणामी संप्रदाय से संबंधित गलत अवधारणाओं को दूर किया गया और असली और उचित सिद्धांतों का वर्णन किया गया। हमारे विभागाध्यक्ष माननीय जे. पी. शाक्य जी के मार्गदर्शन द्वारा हमने प्रणामी संप्रदाय का अपने विषय के रूप में चयन किया, जो हमारे लिए लाभप्रद रहा। हमें हमारे छतरपुर के राजा महाराज छत्रसाल जी का प्रणामी संप्रदाय के प्रति विचार और दृष्टिकोण जानने का अवसर मिला। तहे दिल से धन्यवाद माननीय जे. पी. शाक्य सर, बी. डी. नामदेव सर, और संतोष सर जी का, जो आपके सानिध्य में हमें धर्मोपदेशकों से संवाद करने का मौका मिला।

# ग्राम ग्वाडिया में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया



**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।** ग्राम ग्वाडिया में मध्य प्रदेश समाज सेवा संस्था द्वारा 8 मार्च को अंतरराष्टीय महिला दिवस मनाया गया जिसमे महिलाओं के सम्मान सशक्तिकरण और महिलाओं के अधिकार पर जागरूकता छार्यक्रम किया जिसमें उपस्थित आशा दीदी उमिता राजपूत  राजकुमारी, अनीता धुर्वे सचिव दीनदयाल ब्लॉक लीड अंकित गोलिया एवं ग्राम की महिलाए उपस्थित हुई ।

अंधभक्त हो देख लो अपने,  
गउ भक्त सरकार के नीति।  
गउ हत्या के खुला छूट हे,  
कहां गे सनातन के संस्कृति।।  
तुमन गोबर,गोमूत ला पीयो,  
मंत्री बेंचही गाय के मांस।  
तहुं मन होहू पाप के भागी,  
जतका गिरही गाय के लास।।

लक्ष्मी नारायण कुम्भकार सचेत दुर्ग (छ.ग.)


देश में गोमांस पर नहीं लगेगी रोक : शाह

जनभावनाओं का रखा जाएगा ख्याल

अर्थव्यवस्था को वापस पटरी पर लाई मोदी सरकार

# बहन कुमारी प्रियंका जी के नेतृत्व में खंडवा तथा खरगोन में कैरियर काउंसलिंग और युवा संवाद सफलतम कार्यक्रम सम्पन्न हुआ







खंडवा और खरगोन में शिक्षा जागरूकतापूर्ण दो दिवसीय कैरियर काउंसलिंग एवं संवाद कार्यक्रम हुआ जिसमें अनुसूचित जाति-जनजाति विद्यार्थीगणों ने बढ चढ कर भाग लिया...बहन कुमारी प्रियंका ने विद्यार्थीयों को शिक्षा जागरूकता व नशामुक्ति का संदेश दिया..उन्होंने कहा कि विद्यार्थीयों को चिंतन करना चाहिए ना की चिंता! चिंता चिता की ओर ले जाती है जबकि चिंतन आपके सपनों की मंजिल की ओर अग्रसरित करता है। आधुनिक दौर में पढ़ाई के लिए हार्डवर्क नही स्मार्ट वर्क भी जरुरी, स्मार्ट स्टडीज की जाये और मोबाइल फोन का सही दिशा में सार्थक तथा सकारात्मक उपयोग हो ताकि आप असफलता से सफलता का रास्ता तय कर सकें। नकारात्मक गतिविधियों से दूर रहें...नेक राह पर चलते हुए समाज के लिए भी कुछ समय निकाले । विद्यार्थी जीवन न केवल माता- पिता बल्कि समाज का सुनहरा भविष्य होता है। इस समय में आपने लक्ष्य निर्धारित कर उसकी ओर सकारात्मक कदम बढ़ाया तो सफलता जरुर मिलेगी, लेकिन आधुनिकता की चकाचोंध में यदि भटके तो न केवल आप अपने बल्कि परिवार, समाज के सपने भी तोड़ दोगे। इसलिए विद्यार्थी जीवन में केवल शिक्षा और अपने लक्ष्य पर ध्यान दें। इसे व्यशन, चकाचौंध में न गंवाए। आधुनिकता के इस दौर में पढ़ाई के लिए हाडवर्क नही बल्कि स्मार्ट वर्क भी जरुरी है। यह प्रेरक मार्गदर्शन अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्र युवा संगठन की प्रदेश अध्यक्ष कुमारी प्रियंका जाटव ने खंडवा तथा खरगोन में आयोजित युवा संवाद एवं कॅरियर काउंसलिंग बैठक के दौरान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए दिया। एसटी, एएससी छात्रों के लिए आयोजित कार्यक्रम में कुमारी जाटव ने विद्यार्थियों का उच्च शिक्षा के बाद कॅरियर मार्गदर्शन के साथ ही समाज के प्रति कर्तव्य का दायित्व बोध भी कराया। उन्होंने कहा कि अपने लक्ष्य के लिए सतत चिंतन करें,अपने परिवार और समाज के संघर्ष को समझें। उन्होंने छात्रों को शिक्षा, अधिकारों और सामाजिक उत्थान के लिए संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अजा-अजजा युवा छात्र संगठन खंडवा जिले का जिलाध्यक्ष श्री आकाश कटारे तथा उपाध्यक्ष श्री शुभम करोले एवं अनु.जाति-जनजाति युवाछात्र खरगोन जिले का जिलाअध्यक्ष श्री भागीरथ खतवासे को बनाया गया तथा कार्यवाहक अध्यक्ष सोनू कनासे रहेंगी । बैठक में खंडवा तथा खरगोन अजाक्स परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही जिसमें के.वी मंसारे अजाक्स संभागीय महासचिव, श्रीराम भूसारिया अजाक्स जिलाध्यक्ष खंडवा,महेश मांडले,राजेश सूर्यवंशी,निः शूल्क कोचिंग संचालक रामेश्वर बड़ोले, जिला कोषाध्यक्ष एसके अटोदे ,गोपीचंद सहिते, पूर्व अजाक्स खरगोन अध्यक्ष प्रदीप करोंदिया,दिलीप पंचोली,जी एल अरसे,डॉ सुभाष खन्ना,राकेश अटोदे प्रशिल पांडे आदि विशेष रुप से मौजूद रहें।



कुमारी दीप्ति बाजपेई
जगदलपुर बस्तर
छत्तीसगढ़

फागुन फागुन हुआ मेरा मन, रंगों की बौछार में भीगा ये तन।
गीत गा रही प्रकृति खिले है टेसू के फूल, फाग के गीत में झूम लू मैं होकर मलंग।

रंग ले मुझे तू अपने प्रेम के रंग में, डाल मुझ पर ऐसा पक्का कोई रंग।
जैसे रँगी थी राधा कृष्ण के संग, वैसे ही रंग दे मुझे तू अपने प्रेम के रंग।

फागुन की हवा में खुशबू है, गुलाल की महक से महका पूरा वातावरण
होली में प्रेम और स्नेह के रंगों में रंगना कभी छूटेगा नही ये रंग

फागुन फागुन हुआ मेरा मन, रंगों की बौछार में भीगा ये तन।
गीत गा रही प्रकृति खिले है टेसू के फूल, फाग के गीत में झूम लू मैं होकर मलंग।

# नपा के वार्ड 1 से 8 में मोहल्ला क्लीनिक संचालित करने कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## रेलवे ब्रिज की धीमी गति बनी वजह, एक मेडिकल ऑफिसर नियुक्त करने रखी मांग



**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

अनूपपुर। अनूपपुर नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 से 8 के मध्य मोहल्ला क्लीनिक संचालित करने हेतु जिला कांग्रेस कमेटी ने कलेक्टर हर्षल पंचोली को ज्ञापन सौंपा गया है। जहां ज्ञापन में बताया कांग्रेस जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि नगर पालिका अनूपपुर क्षेत्र अंतर्गत बहु प्रतिक्षित रेलवे फ्लाई ओव्हर ब्रिज निर्माण कार्य अत्यंत धीमी गति से निर्माण होने के कारण अनूपपुर नगर पालिका क्षेत्र दो भागों में विभक्त हो चुका है। जो उतरी एवं दक्षिणी भाग में शहर बंट गया है। जिसके परिणाम स्वरूप व्यापारिक वर्ग सामाजिक, धार्मिक एवं आर्थिक रूप से प्रभावित होने के साथ-साथ मुख्यतः स्वास्थ्य क्षेत्र में उसके दुष्परिणाम हुए है। जिसके कारण कई ऐसे मृत्यु प्राथमिक उपचार शीघ्र ना मिलने के कारण हुए है, जिसके संबंध में व्यापारिक संघ के गणमान्य नागरिक गंभीर चिंता जाहिर कर रहे है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आशीष त्रिपाठी ने बताया कि उक्त परिस्थिति के दृष्टिगत रखते हुए जिला कांग्रेस कमेटी एवं सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधि ने स्वतः मांग की है कि उक्त परिस्थितियों से बचने के लिए वार्ड क्रमांक 1 से 8 के माध्यम उत्तरी अनूपपुर क्षेत्र में एक वार्ड क्लीनिक स्थापित करके एक मेडिकल ऑफिसर की नियुक्ति कर ओपीडी सुविधा के साथ जिला आयुष कार्यालय में संचालित करने की मांग की गई है ताकि कोई व्यक्ति प्राथमिक उपचार से वंचित होकर गंभीर परिस्थिति से बचा जा सके। वहीं ज्ञापन सौंपने वालों में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति सिंह, जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष राम संजीवन गौतम, पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष रजन राठौर, पूर्व नपाध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता, एडवोकेट वासूदेव चटर्जी, वार्ड 8 के पार्षद विनोद सोनी सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विशेष प्रस्तुति

## नारी की स्वाभिमानयुक्त गौरवगाथा उसके निज मुखारबिंद से



मैं जगत की जननी हूँ।
मैं ईश्वर की अद्भुत रचना हूँ।
मैं कुदरत की कीमती कृति हूँ।
मैं उत्पति की अभिव्यक्ति हूँ।
मैं अस्तित्व की आधारशिला हूँ।
मैं ममता की मूल हूँ।
मैं वात्सल्य की वाणी हूँ।
मैं प्रेम की पिपासा हूँ।
मैं खजाने की खुशी हूँ।
मैं ज्ञान की गंगोत्री हूँ।
मैं संस्कारों की सरिता हूँ।
मैं गुरुओं की गुरू हूँ।
मैं प्रथम पाठशाला हूँ।
मैं साक्षात सरस्वती हूँ।
मैं संसाधनों की संरक्षिका हूँ ।
मैं धन की धरोहर हूँ।
मैं साक्षात लक्ष्मी हूँ।
मैं अर्द्धनारीश्वर की अर्द्धांगिनी हूँ ।
मैं स्वामी की स्वामिनी हूँ।
मैं कल्याण प्रदात्री हूँ।
मैं साक्षात पार्वती हूँ।
मैं साक्षात नवदुर्गा हूँ।
मैं आराध्या शक्ति हूँ।
मैं जगत जोगणी हूँ।
मैं अंबर की आभा हूँ।
मैं सागर की गहराई हूँ।
मैं चांद की चांदनी हूँ।
मैं खजानों की खान हूँ।
मैं सदाचारों की शान हूँ।
मैं पवित्रता की पहचान हूँ।
मैं आभास की अनुभूति हूँ।
मैं रवि की रोशनी हूँ।
मैं प्रेरणा की पोषक हूँ।
मैं हौसलों की बुलंदी हूँ।
मैं अरमानों की उमंग हूँ।
मैं महत्व की मति हूँ।
मैं बल की बुद्धि हूँ।
मैं सहनशीलता की सहिष्णुता हूँ ।
मैं वीरांगनाओं की वीरता हूँ।
मैं संकल्प की सिद्धि हूँ।
मैं प्रगति की प्रेरणा हूँ।
मैं उमंग की उत्पत्ति हूँ।
मैं परिस्थितियों की साथिन हूँ।
मैं अनुभव की पाठिनी हूँ।
मैं शब्दों की समझ हूँ।
मैं कष्ट की हरिणी हूँ।
मैं कल्याण की कल्पना हूँ।
मैं व्यवहार की व्यवस्था हूँ।
मैं विचारों की विचारधारा हूँ।
मैं सार्थकता की समझ हूँ।
मैं ऊर्जा की आपूर्ति हूँ।
मैं आत्मा की अंतर्रात्मा हूँ।
मैं आशीर्वाद की आस हूँ।
मैं आस की भी प्यास हूँ।
मैं कामयाबी की मंजिल हूँ।
मैं कंगूरे की नींव हूँ।
मैं भवन? की भव्यता हूँ।
मैं सफलताओं की सपना हूँ।
मैं शुभारंभ की रिद्धि - सिद्धि हूँ।
मैं आनंद की अनुभूति हूँ।
मैं सफलता की स्वागतकर्ता हूँ।
मैं हर्ष की उत्कर्ष हूँ।
मैं सौभाग्य की श्रृंगार हूँ।
मैं सौंदर्य की शोभा हूँ।
मैं अभिनंदन की अभिवृद्धि हूँ।
मैं विपत्तियों की विनाशिनी हूँ।
मैं संकट की सर्वनाशिनी हूँ।
मैं अच्छाई की आस हूँ।
मैं सच्चाई की स्वीकृति हूँ।
मैं बुराई की बहिष्कृति हूँ।
मैं सत्संग की सत्प्रेरणा हूँ।
मैं मंत्रों की महिमा हूँ।
मैं शुचिता की शान हूँ।
मैं मान की मर्यादा हूँ।
मैं नूर की नूरता हूँ।
मैं शूर की शूरता हूँ।
मैं सूर की सूरता हूँ।
मैं भक्ति में मीरा हूँ।
मैं सती सावित्री हूँ।
मैं राधा - रुक्मिणी हूँ।
मैं राजा की रानी हूँ।
मैं आभूषण की आभा हूँ।
मैं आदर्शों की आदर्श हूँ।
मैं नवाचारों की प्रेरक हूँ।
मैं मानवता की मिसाल हूँ।
मैं समाज की सभ्यता हूँ।
मैं सभ्यता की कहानी हूँ।
मैं स्मरण की स्मृति हूँ।
मैं अपना आधार हूँ।
मैं जीवन का सार हूँ।
मैं धर्म की धारणा हूँ।
मैं ज्ञान की गीता हूँ।
मैं गीता की गरिमा हूँ।
मैं अति मतवाली हूँ।
मैं अति नखराली हूँ।
मैं घर की रखवाली हूँ।
मैं पिता की आन हूँ।
मैं भाई की शान हूँ।
मैं साथी की संगिनी हूँ।
मैं संतान की तो श्वास हूँ।
मैं मीत की प्रीत हूँ।
मैं ममता की मूरत हूँ।
मैं राधा-सीता-सी सूरत हूँ।
मैं जानू की जान हूँ।
मैं रिश्तों की पहचान हूँ।
मैं परिवार की परछाई हूँ।
मैं नारी तो नारी हूँ।
मैं सदा सब पर भारी हूँ।
मैं घर के बाहर ही आखिर
पुरूष को शेर होने देती हूँ।
पर उसके घर में घूसते ही
मैं उसपर सवार हो जाती हूँ।
मेरे बिन पुरूष सदा अधूरा है।
मेरे साथ से ही होता वह पूरा है।
मैं कभी मां, कभी बहन तो
कभी पत्नी, कभी पुत्री बन
विविध रूपों में सदा साथ
पुरूष का निभाती हूँ नारी।
अंत में मैं यही कह करके
मेरी इस वाणी को विराम
देना चाहती हूँ कि आखिर
मैं ही पन्नाधाय, रानी पद्मावती
जिजाबाई , रानी लक्ष्मीबाई,
फूलन देवी सरीखी वीरांगना हूँ।
मैं ही सावित्रीबाई,महादेवी वर्मा
इंदिरा गांधी, कल्पना चावला,
प्रीतिउषा व बचेन्द्रीपाल जैसी
अनेकों आधुनिकतम सोच
वाली सशक्त नारी भी हूँ।

**विशेष -**

इस रचना के माध्यम से मैंने यह स्पष्ट करने की कोशिश की है कि संसार की समस्त देवियां नारी शक्ति के ही विविध रूप है इसलिए आप काल्पनिक और अदृश्य देवियों हेतु दिखावा और पाखंड करने के बजाय आपके समक्ष उपस्थित व आसपास विद्यमान समस्त साक्षात् नारियों का दिल से सम्मान अवश्य करें।

**उसर्वाधिकार सुरक्षित**
**भावना मंगलमुखी**
**ट्रांसजेंडर लेखिका**

# महिला दिवस पर याद किया अहिल्याबाई होल्कर को







मथुरा अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में इतिहास विभाग की ओर से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अहिल्याबाई होल्कर स्मृति भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में तनु ठेनुआ प्रथम,अनुराधा द्वितीय एवं प्रिया सारस्वत तृतीय रहीं। इस अवसर पर इतिहास विभाग की छात्राओं द्वारा महिला दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की सभी महिला प्रवक्ताओं का सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृज तीर्थ विकास परिषद के प्रशासनिक अधिकारी माननीय सी पी सिकरवार जी थे । कार्यक्रम में नारी शक्ति का जीवंत प्रमाण बनी महाविद्यालय के एन सी सी यूनिट की वे छात्राएं जिन्होंने गणतंत्र दिवस की परेड में देश का नेतृत्व किया को भी मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया । लेफ्टिनेंट डॉ मनोरमा कौशिक ने कॉलेज के एन सी सी कैडेट के योगदान के बारे में छात्राओं को बताया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ अनिल कुमार वाजपेई ने महारानी अहिल्याबाई होल्कर के भारतीय इतिहास में योगदान के बारे में छात्राओं को बताया। अपने संबोधन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिकरवार जी ने बताया कि किस प्रकार ब्रज की नारियां भी हर क्षेत्र में आगे रही है। कार्यक्रम का संयोजन और संचालन महाविद्यालय के इतिहास विभाग की अध्यक्ष प्रवक्ता मांडवी राठौर ने किया । बृज तीर्थ विकास परिषद द्वारा अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में आयोजित अभिनय,नृत्य, संगीत प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेने वाली प्रतिभागियों छात्राओं को भी इस अवसर पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी छात्राओं ने परम आदरणीय प्रशिक्षक श्री दिनेश खन्ना जी के प्रति अपना आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त की। इतिहास विभाग की ओर से गोरखपुर प्रशिक्षण शिविर एवं मध्य प्रदेश की शैक्षिक यात्रा से संबंधित फिल्म एवं पी पी टी प्रदर्शन भी छात्राओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कोऑर्डिनेटर मीता जी ने मुख्य अतिथि का सम्मान किया। प्रतियोगिता की मुख्य निर्णायक डॉ आरती पाठक ,डॉ पंकज एवं नूतन देहर थीं।






# राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया



**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय को राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम डोंगरवाड़ा नर्मदा आश्रम में आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन प्राचार्य डॉक्टर रामकुमार चौकसे द्वारा किया गया। जिसके कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर इरा वर्मा ने विशेष शिविर का संचालन किया।डॉक्टर ईरा वर्मा द्वारा बताया गया इस शिविर की थीम थी मेरा युवा भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवा। नर्मदा आश्रम के संयोजक श्री प्रसाद जी ने नशा मुक्त भारत और नशा मुक्ति युवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉक्टर राघवेंद्र सिंह बोहरे ने विशेष शिविर की विद्यार्थियों के जीवन में महत्व की विवेचना करते हुए कहां सामाजिक सद्भावना के विकास का प्रतीक विशेष शिविर होते हैं । विशेष शिविर के समापन में प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर कमल वाधवा ने कहा कि विद्यार्थियों में सहयोग सामंजस्य और सद्भावना का विकास होता है शिविर के माध्यम से।शिविर समापन समारोह में डॉ बीएल राय डॉ आर एस बोहरे डॉ संजय चौधरी डॉ नीलू दुबे डॉ रेणुका ठाकुर डॉ शोभा बिसेन डॉ रीना सक्सेना संध्या गौर तथा महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# Workshop on "Women empowerment self defence and pre marriage counselling" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शासकीय विधि महाविद्यालय, नर्मदापुरम में Workshop on "Women empowerment self defence and pre marriage counselling" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. अभिषेक सिंह द्वारा कार्यक्रम का प्रारंभ नारी शक्ति एवं महिलाओं के सशक्तिकरण से किया गया। प्राचार्य, डॉ. कल्पना भारद्वाज की अध्यक्षता में कार्यक्रम शुभारंभ हुआ। जिन्होंने ने उद्बोधन में स्त्रियों एवं पुरुषों के आपसी सहयोग एवं तालमेल पर व्याख्यान दिया। डॉ. सारिका मिश्रा, वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल, मध्य प्रदेश ने अपने उद्बोधन में नारी शक्ति आत्मनिर्भरता, मैरिज काउंसलिंग के संबंध में उद्बोधन दिया जिससे महाविद्यालय की विभिन्न छात्र - छात्राएं लाभान्वित हुए। श्री शिवाकांत मौर्य (सहायक प्राध्यापक), श्री राजदीप सिंह भदौरिया, (सहायक प्राध्यापक), डॉ. हरि प्रकाश मिश्र, क्रीड़ाधिकारी, डॉ. ओम शर्मा, ग्रंथपाल, श्री मनोज कुमार शर्मा, सहायक ग्रेड -3, लक्ष्मी कुलकर्णी, भृत्य, अजय उपस्थित रहे।

**महिला दिवस पर विशेष**

# महिलाओं का सम्मान या सब सिर्फ दिखावा है


8 मार्च यानि आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हैं , सुबह से ही सभी महानुभवओ कि मोबाइल,फेसबुक,व्हाट्सएप सेटेट्स, पर देख रहा था, कोई लिख रहा था स्त्री मां होती है, कोई लिख रहा था कि स्त्री देवी का अवतार हैं,कोई महिलाओं के सम्मान के लिए कार्यक्रम कर रहा था,पर ये सब क्या एक दिखावा हैं या था? जब महिला दिवस आता हैं तभी हम उन का सम्मान और सम्मानित करतें हैं, उसके बाद तो इनको कोइ खबर लेता है न ही कोई पूछता है, आज भी भारत में महिलाओं की सुरक्षा नहीं हो पा रही हैं अपने घरों में ही वह सुरक्षित नहीं है, आज भी उन पर अत्याचार, उत्पीड़न, आदि का शिकार हो रही हैं। महिला दिवस पर एक -दो महिलाओं को सम्मान देकर कुछ नहीं होता हैं अगर महिला दिवस मानना है तो पहले महिलाओं की सुरक्षा एवं उनको स्तंत्रता का अधिकार होना चाहिए एवं सरकार को एक अलग से भारतीय महिला अधिकार अधिनियम लाना चाहिए। आज भी हम देखते है कि हमारे समाज में महिलाओं को बुरी नजर से देखा जाता हैं इतने कानून होने के बाद भी उनकी कोई नहीं सुनता है,पुलिस थाने में शिकायत करने जाए तो उनको बहुत सारी कानूनी प्रक्रिया बता कर भगा दिया जाता हैं,अगर कोई महिला सडक पर चल रही हैं तो न जाने कितने लोगों उस पर टिप्पणी करेंगे।ये सब तो दूर कि सोच हैं अगर घर में बेटी या घर की महिला किसी व्यक्ति की शिकायत घर के मुखिया से करे तो घर का मुखिया और परिवार वाले उस महिला को ही गलत समझते है। कहते है कि कोई भी महिलाएं सम्मान की भूखी नहीं होती हैं वह तो अपनी इज्जत कि भुखी होती हैं, सम्मान और सम्मानित तो किसी को भी किया जा सकता हैं पर उनकी इज्जत करना बहुत बडी बात होती हैं हमारा देश आज भी इसी लिए पीछे हैं नेता, मंत्री आज भी महिलाओं के पक्ष में बडी-बड़ी बातें करते है, अगर वह महिलाओं की छोटी-छोटी बातो को समझ जाए तो बडी -बडी बातें करने की कोई आवश्कता ही नहीं पड़ेगी जब तक समाज में रह रहे कुछ मद बुद्धि के पुरुषों कि सोच नहीं बदलेगी तब तक महिला दिवस माने का क्या फायदा होगा।।

**सभी को महिला दिवस की बहुत बहुत शुभकामनाएं**

**-एडवोकेट बी. आर. अहिरवार(नर्मदापुरम)**

**मो.9827737665**

# विजली विभाग बिजावर मे आउटसोर्स भर्ती में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजाबाद उजागर हुआ



मीडिया रिपोर्ट में अवगत कराया गया कि म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि.संभाग कार्यालय बिजावर एवं वितरण केंद्र बिजावर में आउटसोर्स भर्ती मे भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद की नीति अपनाई गई है, राहुल अहिरवार ने अवगत कराया की मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड संभाग बिजावर एवं वितरण केंद्र बिजावर में एक एक पद खाली था, जिससे आउटसोर्स भर्ती के माध्यम से भरा जाना था, उपरोक्त पदों के लिए अधीक्षण अभियंता मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वृत कार्यालय छतरपुर द्वारा समस्त कार्यपालन अभियंताओं को लेख किया गया था,कि विभाग के खाली पदों पर आउटसोर्स भर्ती में मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के युवाओं एवं एक वर्ष ट्रेनिंग पूर्ण कर चुके अप्रेंटिसशिप युवाओं को प्रथम प्राथमिकता दी जाए, लेकिन मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड संभाग बिजावर मे सेवानिवृत कर्मचारी मोहम्मद यूसुफ के सगे संबंधी जाकिर मोहम्मद की आउटसोर्स पद पर भर्ती की गई, इसके पूर्व में मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के युवा राहुल अहिरवार ने ट्रेनिंग पूर्ण के बाद रिक्त आउटसोर्स पद पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया था, जिसमें मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के युवा के आवेदन को कार्यपालन अभियंता संभाग बिजावर द्वारा नजअंदाज किया गया कोई कार्यवाही नहीं की गई कार्यपालन अभियंता संभाग बिजावर द्वारा कार्यवाही न करने का मुख्य कारण सेवानिवृत कर्मचारी मोहम्मद यूसुफ की सेवानिवृत होने के बाद भी सेवा लेना और मोहम्मद यूसुफ का प्रतिदिन ऑफिस आना तथा समस्त गोपनीय कार्य करना था, इस संबंध में राहुल अहिरवार ने माननीय राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक आयोग भारत सरकार, माननीय राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग भारत सरकार, माननीय मानव अधिकार आयोग भारत सरकार, माननीय प्रमुख सचिव श्रम विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल, माननीय अपर सचिव महोदय ऊर्जा विभाग मध्यप्रदेश शासन, श्रीमान कलेक्टर महोदय जिला छतरपुर को ईमेल के माध्यम से शिकायती पत्र प्रेषित किया, और आउटसोर्स भर्ती में हुए भ्रष्टाचार की जांच करने दोषियो पर कार्यवाही करने, तथा सेवानिवृत कर्मचारी मोहम्मद यूसुफ को सेवानिवृत्ति के बाद कार्यपालन अभियंता संभाग बिजावर कार्यालय में सेवा देने से रोकने की मांग की

# कलेक्टर, एसपी, जि.पं. सीईओ व एडीएम ने नागरिकों को दी होली की शुभकामनाएं







**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर। कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक श्री मोती उर रहमान, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा व अपर कलेक्टर श्री दिलीप कुमार पाण्डेय ने जिलेवासियों को होली की शुभकामना और बधाई देते हुए कहा है कि आपसी प्रेम, स्नेह और भाईचारे का प्रतीक यह रंगोत्सव आप सभी के जीवन में खुशियों का हर रंग लेकर आए। उन्होंने संयुक्त संदेश में कहा है कि होली उत्साह और उमंग का त्यौहार है। यह रंगों, खुशियों और मेल मिलाप का भी त्यौहार है। यह दिन लोगों के बीच खुशियां बाटने का है। उन्होंने सभी लोगों से सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल होली मनाने की अपील की है।




# रहवासी इलाके में शराब की दुकान के विरोध में उतरे स्कूली बच्चे

## धार्मिक स्थल के कुछ ही दूरी पर स्थापित शराब की दुकानों को हटाने के लिए छात्रों व महिलाओं ने हाथों में थामी तख्तियां







भोपाल। मध्यप्रदेश सरकार ने प्रदेश की जनता की परेशानियों को देखते हुए धार्मिक स्थलों से शराब की दुकानों को हटाने के लिए महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक निर्णय लिया है। लेकिन राजधानी भोपाल के रहवासी इलाकों में अलॉट की गई दुकानें आम जनता के लिए भारी परेशानी का सबब बन रही है। शहर के स्टेशन रोड स्थित साईराम कालोनी सेमरा गेट मुख्य मार्ग पर संचालित होती है जो कि धार्मिक स्थल और स्कूल के नजदीक संचालित की जा रही है। ओर यह दुकान के सभी दस्तावेज चांदबड़ के नाम से है जिसकी दुकान से दूरी 500मीटर है जिससे शराब की दुकान से हर रोज शाम को शराबियों के हरकतों से स्थानीय रहवासी, महिलाएं और स्कूली बच्चों का सामना हर रोज हो रहा है। इसके विरोध में आज बुधवार को बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों और महिलाओं ने हाथों में तख्तियां रखकर विरोध प्रदर्शन किया।

### 100 मीटर की जगह 500-800 मीटर घूमकर घर जाने को मजबूर महिलाएं

स्थानीय रहवासी विशाल कुरील जीतू मालोटीया , छोटू प्रजापति ने बताया कि साई राम कालोनी स्टेशन मुख्य मार्ग पर शराब की दुकान है सोचिए नन्हे मुन्ने बच्चे-बच्चियां स्कूल में विद्या ग्रहण करने आते हैं तो कितनी परेशानियों का सामना उठाना पड़ता होगा और विद्यालय के निकट शराब की दुकान होने पर बच्चों पर कितना बुरा प्रभाव पड़ता है। यहां से गुजरते समय कई बार तो नशे में धुत व्यक्ति गलत व्यवहार भी करते हैं जिससे आए दिन झगड़ा होता है शाम के वक्त तो यहां से निकलने तक को जगह नहीं रहती। हमारी माताएं बहने जो अपने बच्चों को विद्यालय लेने आती है कई बार तो उन्हें सौ मीटर स्थित अपने घर जाने के लिए 500- से 800 मीटर घूमकर जाना पड़ता है। शराब की दुकान को जल्द से जल्द यहां से हटाने के लिए विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि यदि शीघ्र ही शराब की दुकान को साईराम कालोनी सेमरा मुख्य मार्ग से अन्यंत्र कहीं विस्थापित नहीं किया जाता है जबकि दुकान चांदबड़ के नाम से दस्तावेज होने के बावजूद भी तो स्थानीय रहवासी महिलाओं और स्कूली बच्चों के साथ मिलकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर प्रदर्शन करेंगे।

**प्रति**
**सम्पादक महोदय**
**दैनिक------------------------- भोपाल**

**निवेदक**
**समस्त साईराम कालोनी रहवासी सेमरा गेट**

# डीआरएम राजमल खोईवाल की अध्यक्षता में मंडल स्तरीय पीएनएम बैठक सफलतापूर्वक संपन्न



अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर

अनूपपुर। अनूपपुर , दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में दिनांक 12 एवं 13 मार्च को मंडल स्तर पर दो दिवसीय पीएनएम (परमानेंट नेगोशियेशन मशीनरी) बैठक संपन्न हुई । बैठक का उद्देश्य रेलवे संगठन के मान्यता प्राप्त संगठन रेलवे मजदूर कांग्रेस के प्रतिनिधियों एवं प्रबंधन के मध्य विचार विमर्शों के द्वारा संगठन की उत्पादकता एवं कार्यप्रणाली में गुणात्मक सुधार लाना होता है इस पीएनएम बैठक की अध्यक्षता डीआरएम राजमल खोईवाल के द्वारा की गई। बैठक में एडीआरएम योगेश देवांगन एवं चंद्रभूषण भी उपस्थित थे 7 बैठक का संचालन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ अंशुमान मिश्रा व मंडल कार्मिक अधिकारी रूहीना तुफैल खान के द्वारा किया गया । बैठक में शाखाधिकारियों के अलावा साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री, रविन्द्र कुमार धल, बी कृष्णकुमार, लक्ष्मण राव, दिलीप स्वाइन, आर के यादव, सहित सभी शाखा सचिव शामिल हुये। बैठक के दौरान मान्यता प्राप्त संगठन साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस द्वारा उठाए गए रेल कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई, जिसमें पदोन्नति, कार्यस्थल की सुविधाएं, कर्मचारियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, आवासीय सुविधाएं एवं अन्य कल्याणकारी नीतियों पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया । विचार-विमर्श व सहमति पश्चात अनेक मुद्दों को क्लोज भी किया गया। बैठक बहुत ही सकारात्मक एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन हुई। पीएनएम बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष एवं डीआरएम राजमल खोईवाल ने मान्यता प्राप्त संगठन साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारियों को रेल कर्मचारियों से जुड़े समस्याओं को संज्ञान में लाने के लिए धन्यवाद दिया व कहा कि रेल प्रशासन सभी कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की समस्याओं को लेकर संवेदनशील है । हम सभी कर्मचारियों को उनके कार्यस्थल में बेहत्तर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध हैं । साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस द्वारा रेल कर्मचारियों के कल्याण से संबन्धित उठाए गए सभी मुद्दो पर विधिसम्मत कार्रवाई पर ज़ोर देते हुए उन्होने आश्वस्त किया कि रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशानुसार सभी मुद्दों पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी । साथ ही उन्होने बैठक में उठाये गये सभी मुद्दों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किए ।

# सिंहस्थ - 2028 के लिए अभी से करें माइक्रो प्लानिंग : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ - 2028 मध्यप्रदेश का अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है। लाखों-करोड़ों श्रद्धालु सिंहस्थ के दौरान उज्जैन आएंगे। किसी भी श्रद्धालु को स्नान व देव दर्शन में कोई कठिनाई हो, इसके लिए व्यापक प्रबंध किए जाएं। पुराने सिंहस्थ आयोजन से सीख लें और आगामी सिंहस्थ के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए अभी से माइक्रो प्लानिंग कर व्यवस्थाओं को अंजाम देना प्रारंभ करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में पूर्व में सम्पन्न हुए सिंहस्थ में प्राप्त अनुभवों को केन्द्र में रखते हुए सिंहस्थ - 2028 के योजनाबद्ध आयोजन के संबंध में बैठक की अध्यक्षता कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सबसे बेहतर यह होगा कि सिंहस्थ की व्यवस्थाओं और प्रबंधन से जुड़े सभी कार्य जून 2027 के पहले ही पूरे कर लिए जाएं। इससे रह गई कमोबेशी को दुरुस्त करने या व्यवस्थाओं को और भी अधिक बेहतर करने का समय भी मिल सकेगा। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव गृह श्री जे.एन. कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव नगरीय?विकास एवं आवास श्री संजय कुमार शुक्ल, पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना, सिंहस्थ की व्यवस्थाओं से जुड़े अन्य विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव सहित सचिव एवं आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े व अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ - 2028 की व्यवस्थाओं एवं प्रबंधन के लिए मंजूर किए गए सभी कार्य जून 2027 तक पूरे कर लिए जाएं। चल रहे कार्यों की मासिक प्रोग्रेस रिपोर्ट की समीक्षा की जाए। प्रबंधन में किसी भी प्रकार की कमी न रहे। मंजूर किए गए सभी काम प्रारंभ हो जाएं और तय समय-सीमा में ही पूरे किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्री महाकाल लोक बनने के बाद प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की दिनों-दिन बढ़ती संख्या के हिसाब से ही सिंहस्थ की तैयारी की जाए, क्योंकि जो श्रद्धालु सिंहस्थ में आएंगे, वे बाबा महाकाल सहित अन्य देव स्थलों पर भी अवश्य ही जाएंगे। भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रयास यह हो कि श्रद्धालुओं को ई-बस या ई-ऑटो से महाकाल मंदिर के नजदीक ही छोड़ा जाए, ताकि उन्हें महाकाल दर्शन के लिए अधिक पैदल न चलना पड़े और प्रबन्धन में भी आसानी हो।

# महिलाओं ने उद्यम व्यवसाय शुरू कर स्वालम्बन का रास्ता तय किया: मंत्री श्री पटेल

**भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रलाद सिंह पटेल ने आज नरसिंहपुर जिले के विकासखंड करेली के अंतर्गत करेली बस्ती में 50 लाख रुपये की राशि से नवनिर्मित उन्नति सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र का लोकार्पण किया। अंतर्राष्टीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री सिंह ने नगर पालिका अध्यक्ष करेली श्रीमती सुशीला ममार, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका और अन्य महिला कर्मचारियों, पुलिस व महिला जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ देकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में मंत्री श्री पटेल ने एक हजार 132 स्वसहायता समूहों को संवर्धन हेतु बैंक से 28 करोड़ 27 लाख रुपये का चैक प्रदान किया। उन्होंने आजीविका मिशन की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मंत्री श्री पटेल ने करेली बस्ती में 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले भगवान बिरसा मुंडा भवन का भूमिपूजन भी किया। मंत्री श्री पटेल ने उपस्थित मातृशक्ति को अंतर्राष्टीय महिला दिवस की शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि आज का मुख्य कार्यक्रम भोपाल में आयोजित किया गया, जिसमें लाड़ली बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की राशि अंतरित की गई है। उन्होंने वीरांगना रानी अवंतीबाई के बारे में बताते हुए कहा कि कम उम्र में राज्य का



संचालन कर अंग्रेजों को चुनौती दी। मंत्री श्री सिंह ने वीरांगना रानी दुर्गावती के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि आपको बहनें ऊर्जा, पत्नी सहायता, बेटी संबल देती है। जितनी हमारी परंपरायें, सामर्थ, भाषा हैं, इसको देने वाली हमारी मातृशक्ति है। हम नदी को माता कहते हैं क्यों नदी सिर्फ पानी नहीं देती, नदी जीवन, पानी प्राकृति का पालन करता है, प्रकृति के संतुलन का काम भी करती है और जीव- जंतुओं को जीवन देने का काम करती है। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन व्यवस्था में मातृसत्ता सर्वोच्च सत्ता है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मप्र में लगभग 5 लाख 20 हजार से ज्यादा स्वसहायता समूह है। इसमें लगभग 62 लाख महिलायें कहीं न कहीं से जुड़ी हुई हैं।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)